*प्रेस विज्ञप्ति*

*जनपद मुरादाबाद*

*दिनांकः-30-11-2022*

***1-अवैध तमंचा, कारतूस व चाकू के साथ 02 गिरफ्तार थाना छजलैटः-**

अवगत कराना है कि आज दिनांक 30.11.2022 को उ0नि0 श्री विमल किशोर थाना छजलैट द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त 1-बिट्टू पुत्र सर्वेश निवासी ग्राम मुंडला जमापुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 कारतूस 2-जयविंदर पुत्र जगराज सिंह निवासी ग्राम मुंडला जमापुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया । इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना छजलैट पर मु0अ0सं0 क्रमशः250/2022 धारा -3/25 आर्म्स एक्ट व 251/2022 धारा -4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किये गये।

***2-चोरी करने का प्रकाश में आया गिरफ्तार, चोरी का सामान एवं अवैध चाकू बरामदः-***

अवगत कराना है कि दिनांक 29.11.2022 को वादी राहुल कुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम खुशहालपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर से चोरी करने के सम्बन्ध में थाना छजलैट पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना छजलैट पर मु0अ0सं0 -248/2022 धारा– 380 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 29.11.2022 की रात्रि में उ0नि0 मौ0 तारिक द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से प्रकाश में आये अभियुक्त नितिन उर्फ प्रांशु पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम खुशहालपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 लैपटाप, एक पावर बैंक, 8,000/- रुपये व 01 अवैध चाकू बरामद किया गया। चोरी का सामान एवं अवैध चाकू की बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 411 भादवि, 4/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई।

***3-षडयंत्र रचकर युवक की हत्या करने में वांछित एक और आरोपी गिरफ्तार,थाना ठाकुरद्वाराः-***

अवगत कराना है दिनांक 27.11.2022 को वादी श्री मुकेश पुत्र रामकिशन निवासी मौ0 शान्तिनगर वाल्मीकी बस्ती कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के पुत्र की षडयंत्र रचकर हत्या कर देने के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0-529/22 धारा-302/120बी/504/506 भा0द0वि0 व 3(1)द/3(1)ध/3(2)V SC/ST Act पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान थाना ठाकुरद्वारा पर गठित टीम ने दि0 29-11-2022 को 50-50 हजार रू0 के 02 ईनामी अभियुक्तण बिलाल एवं अतुल शर्मा को गिरफ्तार किया तथा दिनांक 29-11.2022 को उ0नि0 श्री रविन्द्र कुमार थाना ठाकुरद्वारा ने मय हमराही पुलिसबल के मुकदमा उपरोक्त में वांछित तीसरे अभियुक्त विनय उर्फ गोलू माफिया पुत्र सूरज सिंह चौहान नि0 सरकथल थाना धामपुर जिला बिजनौर को गिरफ्तार किया गया।

***4-गौवंशीय पशु का वध करने का वांछित आरोपी गिरफ्तार,थाना पाकबड़ा-***

अवगत कराना है दिनांक 05.11.2022 को वादी राजीव पुत्र मुनेश सिंह निवासी ग्राम रतनपुर कला थाना पाकबडा,मुरादाबाद ने अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा ग्राम रतनपुर कला के जंगल में गौवंशीय पशु का वध कर अवशेष छोड जाने के संबंध में थाना पाकबड़ा पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0-329/22 धारा-3/8 गौवध अधिनियम पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 30.11.2022 को उ0नि0 श्री रोहित कुमार थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के प्रकाश में आये अभियुक्त सलमान पुत्र स्व0 नजारुल निवासी नई बस्ती रतनपुर कलां थाना पाकबडा,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

***5-षड़यत्र रचकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार थाना कांठ:-***

अवगत कराना है कि दिनांक 07.08.2022 को वादिनी श्रीमति वीना देवी पत्नी स्व0 श्री ओमकार सिंह निवासी मोहल्ला पटटीवाला कांठ थाना कांठ जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा आपराधिक षडयंत्र करते हुये वादिनी के ससुर के पिता की सम्पत्ति को हड़पने के लिए कूट रचित दस्तावेज तैयार करके हेरा-फेरी करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में के सम्बन्ध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0 302/2022 धारा 120बी/420/467/468/471/506 भादवि पंजीकृत किया गाय। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30.11.2022 को उ0नि0 श्री यशवीर सिंह थाना कांठ द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त पुरूषोत्तम सिंह पुत्र स्व0 उमराव सिंह निवासी तीवडी माझरा थाना व तहसील धामपुर जिला बिजनौर वर्तमान पता मौहल्ला पट्टीवाला कस्बा व थाना कांठ मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

***6-अवैध चाकू के साथ 01 गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्स:-***

अवगत कराना है कि आज दिनांक 30.11.2022 को उ0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह थाना सिविल लाईन्स द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त रोहन पुत्र मुकेश निवासी आदर्श कालोनी थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0सं0 -1005/2022 धारा -4/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

***7-दहेज के लिये प्रताड़ित कर तीन तलाक देने का आरोपी पति गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्स:-***

अवगत कराना है कि दिनांक 10.10.2022 को वादिनी निवासी थाना सिविल लाईन्स क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी को दहेज के लिये प्रताड़ित करने, छेडछाड़, दुष्कर्म करने एवं पति द्वारा तीन तलाक देने आदि के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0सं0-881/2022 धारा-498ए/323/504/506/376/377/354बी भादवि व 3/4 दहेज अधिनियम व 3/4 मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकारो की सुरक्षा अधिनियम 2019 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30.11.2022 को उ0नि0 श्री दिलीप कुमार थाना सिविल लाईन्स द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से आरोपी पति मौ0 शाहनावाज पुत्र मौहम्मद शरिफ निवासी करूला गली न0 10 थाना कटघर मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

***8-02 वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाईक बरामद थाना मझोला:-***

अवगत कराना है कि दिनांक 29.11.2022 को वादी श्री अवनीश कुमार पुत्र स्व0 धर्मपाल सिंह निवासी दान सहाय की मिलक वार्ड नं0 1 थाना मझोला जिला मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी की मो0सा0 चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार थाना मजोला पर मु0अ0सं0-993/2022 धारा-379 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम मे आज दिनांक 30.11.2022 को उ0नि0 मौ0 यासीन थाना मझोला द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1-अनिल सागर पुत्र तेजपाल निवासी मनोहरपुर थाना मझोला जिला मुरादाबाद 2-विशाल पुत्र कैलाश उर्फ चरण सिंह निवासी मनोहरपुर थाना मझोला जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी की मो0सा0 हीरो स्पलेण्डर प्रो रंग सिल्वर रजिस्ट्रेशन न0 UP21 BA 2510 बरामद की गई। बरामदी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गई।

***9-दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-***

अवगत कराना है कि दिनांक 12.11.2022 को वादिनी निवासी थाना भोजपुर क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ छेड़छाड़, दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0 379/2022 धारा 376/354/506 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30.11.2022 को उ0नि0 अफजाल अहमद थाना भोजपुर द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त नदीम पुत्र शरीफ निवासी मो0 बगियावाला कस्बा व थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

***10-धोखाधड़ी कर अमानत में ख्यानत करने एवं दुष्कर्म का आरोपी हिस्ट्रीशीर गिरफ्तार थाना कांठः***

अवगत कराना है कि दिनांक 27.11.2022 को वादी अजय कुमार पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम दुल्हापुर पटटी जाट थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा धोखाधड़ी कर अमानत में ख्यानत करने, जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0 423/2022 धारा 420/406/506 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 29.11.2022 को वादिनी निवासी थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कांठ पर तहरीर देकर मु0अ0सं0 426/2022 धारा 376/506 भादवि पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30.11.2022 को उ0नि0 श्री ललित कुमार थाना कांठ द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से उपरोक्त दोनों अभियोगों से सम्बन्धित अभियुक्त मतलूब पुत्र मुन्ने निवासी ग्राम देहरी जुम्मन थाना कांठ जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

***अभियुक्त मतलूब थाना कांठ का हिस्ट्रीशीटर है जिसका आपराधिक इतिहास निम्नवत है।***

1. मु0अ0सं0 1016/2005 धारा 147/148/149/307/452/504 भादवि चालानी थाना छजलैट,
2. मु0अ0सं0 386/2004 धारा 342/504 भादवि चालानी थाना काँठ,
3. मु0अ0सं0 070/1997 धारा 363/366 भादवि चालानी थाना छजलैट,
4. मु0अ0सं0 368/04 धारा 143/145/149/151/152/323/332/342/353 भादवि व 07 सीएल एक्ट,
5. मु0अ0सं0 405/2022 धारा 420/394 भादवि व 66/72 आईटी एक्ट व 5 शासकीय गुप्त बात अधि0 थाना काँठ,
6. मु0अ0सं0 423/22 धारा 406/420/506 भादवि चालानी थाना काँठ,
7. मु0अ0सं0 426/22 धारा 376/354/506 भादवि चालानी थाना काँठ,
8. मु0अ0सं0 296/19 धारा 364 भादवि चालानी थाना कैण्ट जनपद प्रयागराज,
9. मु0अ0सं0 704/09 धारा 420/414 भादवि 41/102 सीआरपीसी चालानी थाना मझौला मुरादाबाद,
10. मु0अ0सं0 197/17 धारा 147/420/467/468/471/354/323/504/506 भादवि थाना नौगावा सादात, अमरोहा

***11-फर्जी नम्बर प्लेट लगी, संदिग्ध मो0सा0 के साथ 02 गिरफ्तार थाना मूढापाण्डेः-***

अवगत कराना है कि आज दिनाकं 30. 11.2022 को उ0नि0 श्री रितेश कुमार थाना मूढापाण्डे द्वारा हमराही पुलिस बल के साथ संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान फर्जी नम्बर प्लेट लगी, संदिग्ध मो0सा0 के साथ 02 अभियुक्त 1-फैसल पुत्र वाजिद हुसैन निवासी सरकडा खास थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद 2- मुर्सलीन पुत्र नवाब अली निवासी ग्राम सीकमपुर पाण्डे थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मूढापाण्डे पर मु0अ0सं0 351/2022 धारा 420/467/468/471 भादवि व धारा 41/102 सीआरपीसी पंजीकृत किया गया।